हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
NEWS
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–244 : जौनपुर, बुधवार 05 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## खराब कानून व्यवस्था थी यूपी की पहचान, हमने बनाया उत्तम प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : पांच साल पहले उत्तर प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था की पूरे देश में चर्चा होती थी लेकिन मार्च 2017 में सत्ता परिवर्तन के बाद आज उत्तर प्रदेश की पहचान उत्तम प्रदेश के रूप में होती है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस लाइंस मैदान में आयोजित महिला रिक्रूट आरक्षियों कि दीक्षांत परेड की सलामी लेने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार ने अपने कार्यकाल में पुलिस में डेढ़ लाख भर्तियां पूरी पारदर्शिता के साथ की हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस की क्षमता भी कई गुना बढ़ाई गई है। रेंज स्तर पर साइबर थाने और फॉरेंसिक लैब की स्थापना की गई है। इसके साथ ही प्रदेश के चार जिलों में कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इससे पहले कार्यक्रम में लखनऊ पुलिस लाइंस में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 519 महिला रिक्रूट आरक्षियों कि दीक्षांत परेड की मुख्यमंत्री ने सलामी ली। उन्होंने सर्वांग सर्वोत्तम कैडेट प्राची सिंह चौहान को पुरस्कृत किया। इसके अलावा निधि सिंह चौहान, काजल यादव और संतोषी कुशवाहा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।आंतरिक विषय प्रशिक्षण में ज्योति राठौर



और वाहाई प्रशिक्षण में मोनिका यादव को सर्वोत्तम कैडेट का पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री ने आरक्षियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके बाद लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट भवन का शिलान्यास और पुलिस महकमे के अन्य भवनों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को डीजीपी मुकुल गोयल और पुलिस कमिश्नर ध्रुव कांत ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी, एडीजी प्रशांत कुमार समेत पुलिस महकमे के तमाम उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## पांच साल पहले दीवारों में चुनवाया जाता था सरकारी योजनाओं का धन : हमने जेसीबी से निकलवाया–सीएम

लखनऊ ब्यूरो : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 5 साल पहले सरकारी योजनाओं का धन दीवारों में चिनवाया जाता था। जिन भ्रष्टाचारियों के पास यह रकम जाती थी, वे यह काम करते थे। हमने इस धन को जेसीबी से दीवार तोड़कर निकलवाया। डबल इंजन की सरकार में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। सीधे लाभार्थियों के खातों में धनराशि जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ लोक भवन में आयोजित 3800 करोड़ रुपये से अधिक की नगरीय विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कानपुर में पड़े डीजी जीएसटी इंटेलीजेंस के छापे का जिक्र किए बिना कहा कि मैं सोच रहा था कि इस धन को निकलवाने के लिए कहीं डाइनामाइट न लगाना पड़े। साथ ही कहा कि डबल इंजन की सरकार और दृढ़ इच्छा शक्ति का यह परिणाम है कि समाज के अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। सीएम ने कहा कि पीएम के 5 खबर डॉलर की अर्थव्यवस्था के सपने को पूरा करने के लिए हम सबको योगदान देना होगा। पौने पांच साल के कार्यकाल में नगर निकायों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। पांच साल पहले तक यूपी के शहर गंदगी के ढेर हुआ करते थे। खराब ट्रैफिक व्यवस्था उनकी पहचान थी। पीएम की दूरदर्शिता के चलते अब आमूलचूल बदलाव आया है। देश के स्वच्छता में टॉप टेन शहरों में 5 यूपी के हैं। गोंडा तक इसमें शामिल हो चुका है। कूड़े से हम ऊर्जा और खाद बनाने का काम कर रहे हैं। योगी ने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने में हम देश में अव्वल हैं। 10 नगर निगम केंद्र की योजनाओं केतहत और शेष 7 राज्य की योजनाओं से स्मार्ट बनाए जा रहे हैं। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल करके सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। कोविड पर नियंत्रण के लिए हमने इस सिस्टम का इस्तेमाल किया। शहरों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। शहरों में इलेक्ट्रिक बस डिपो की स्थापना की कार्यवाही चल रही है। योगी ने अयोध्या के एक दलित परिवार का उदाहरण सामने रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। प्रदेश में 43 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। नगरीय क्षेत्रों में हर घर नल योजना, सीवर लाइन, एसटीपी, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की योजनाएं लागू की गई हैं। सार्वजनिक यातायात सेवा को बेहतर किया गया है। डबल इंजन की सरकार जिस दिशा में आगे बढ़ रही है, नगर निकायों की सरकार भी उस दिशा में बढ़ती है, तो बेहतर परिणाम सामने आते हैं।



पहले अंधेरे में डूबे रहते थे गांव और शहर। सीएम ने कहा कि पांच साल पहले शहर, कस्बे और गांव अंधेरे में डूबे रहते थे। आज बिना किसी भेदभाव को सभी को पर्याप्त बिजली मिल रही है। पहले आवास के लिए 20–25 हजार रुपये ही मिलते थे, उसकी भी बंदरबांट होती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने नगर निकायों के जन प्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स की व्यवस्था ऑनलाइन करके नगर निकाय और भी बेहतर कार्य कर सकते हैं। साथ ही कहा कि बेहतर बुनियादी सुविधाओं के लिए सभी 774 नगर निकाय एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करें। आईटीएमएस का बेहतर इस्तेमाल करके यूपी को 1 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दें। नए मुख्य सचिव की भूरि–भूरि की प्रशंसा। सीएम ने नए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले वे केंद्र में नगरीय विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाते थे। यूपी के निवासी होने की वजह से यहां के विकास कार्यों को खास तरजीह देते थे। अब वे यहां की नौकरशाही के शीर्ष पद पर आ गए हैं। आप सभी लोगों को उनका मार्गदर्शन मिल सकेगा। इससे विकास कार्यों में और भी तेजी आएगी। आशुतोष टंडन ने बताईं उपलब्धियां नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने स्वागत भाषण रखते हुए अपने विभाग की योजनाओं को विस्तार से रखा। इस अवसर पर कानपुर नगर निगम, सरकार और जर्मनी की एक संस्था के बीच विकास के लिए त्रिपक्षीय एमओयू भी हुए। लखनऊ की मेयर संयुक्ता भाटिया, गाजियाबाद की मेयर आशा शर्मा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव नगर विकास रजनीश दुबे और अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल भी मौजूद रहे। सीएम के हाथों इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 58903 लाभार्थियों को 500 करोड़ से अधिक की धनराशि का ऑनलाइन हस्तांतरण। स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन की योजनाएं। अयोध्या एवं मथुरा–वृंदावन नगर निगम के कार्यालय भवन और नगर निगम की विभिन्न परियोजनाएं, 651 स्थानीय निकायों में 1000 फ्री वाई–फाई जोन का लोकार्पण व शिलान्यास। प्रदेश के 7 शहरों में 75 इलेक्ट्रिक बसों का फ्लैग ऑफ।

## सपा नेता की हत्या से आक्रोशः समर्थकों की धमकी 24 घंटे में हत्यारों की गिरफ्तारी न हुई तो उग्र प्रदर्शन करेंगे

बलरामपुर ब्यूरो : तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष तथा सपा नेता फिरोज पप्पू की मंगलवार देर रात घर के पास ही अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी। वारदात के बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद सपा समर्थन आक्रोशित हैं। उन्होंने एलान किया है कि अगर 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पुलिस फिरोज को सीएचसी तुलसीपुर ले आई जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रात में ही समर्थकों की भारी भीड़ जुटता देख पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले आई। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद भारी सुरक्षा के बीच शव को तुलसीपुर ले जाया गया। क्षेत्र में आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। विदित हो कि वर्तमान समय में फिरोज पप्पू की पत्नी कहकशां फिरोज नगर पंचायत तुलसीपुर अध्यक्ष हैं। करीब दो माह पूर्व फिरोज ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली थी। इसके पहले उन्होंने पंचायत चुनाव में सक्रियता दिखाते हुए अपने करीबी मुशीर पप्पू की भाभी को जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जिताया था। फिरोज पप्पू हिंदू तथा मुस्लिम



दोनों वर्गों में काफी लोकप्रिय थे। लोकसभा चुनाव 2014 में वह कांग्रेस पार्टी में भी रह चुके थे। उनकी हत्या से समर्थकों में भारी आक्रोश है। राजनीतिक कारणों से हत्या की आशंका। पूर्व अध्यक्ष की हत्या क्यों और किसलिए की गई यह सवाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इसे राजनीतिक हत्या के दृष्टिकोण से देख रहे हैं। पुलिस की कई टीमें बदमाशों की तलाश में जुट गई हैं। वहीं, सपा नेता तथा पूर्व मंत्री एसपी यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। यदि पूर्व अध्यक्ष के हत्यारों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं किया गया तो सपा सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगी।

## 10 वीं तक के स्कूल मकर संक्रांति तक बंद रात्रि कर्फ्यू का समय भी बढ़ा : ओमिक्रॉन के 23 नए मरीज

लखनऊ ब्यूरो : कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में 10 वीं तक के स्कूल मकर संक्रांति तक बंद करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश निजी और सरकारी दोनों स्कूलों के लिए लागू होगा। इस दौरान टीकाकरण जारी रहेगा। साथ ही बृहस्पतिवार से रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू का समय दो घंटे बढ़ा दिया जाएगा। अभी तक रात्रि कर्फ्यू रात 11 बजे से सुबह 5 तक था वहीं बृहस्पतिवार से यह रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर दिया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम 9 के साथ बैठक में यह निर्णय लिया। फिलहाल प्रदेश में सप्ताहांत कोरोना कर्फ्यू नहीं लगाया जाएगा। लेकिन ऐसी जगहों पर बंदिशें बढ़ाई जाएंगी जिन जिलों में कोरोना के सक्रिय मामले एक हजार से अधिक होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1000 से अधिक सक्रिय मामले वाले जिलों में जिम, स्पा, सिनेमा हाल, बैंक्वेट हाल, रेस्टोरेंट 50 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित किए जाएंगे। शादी समारोह में बंद स्थानों पर एक समय में 100 से अधिक लोग शामिल नहीं हो सकेंगे और खुले स्थानों पर कुल क्षमता का 50 फीसद लोगों के शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। सैनिटाइजर और मास्क का प्रयोग अनिवार्य करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर कोरोना के मामलों के बढ़ने की रफ्तार यही रही तो आने वाले दिनों में सप्ताहांत कोरोना कर्फ्यू भी लागू किया जा सकता है। ओमिक्रॉन के 23 नए मरीज, अब 31 केस। प्रदेश में मंगलवार को ओमिक्रॉन के 23 नए मरीज मिले हैं। इसमें आठ लखनऊ और पांच मेरठ के हैं। गाजियाबाद में तीन, मुरादाबाद में दो, कानपुर नगर में दो, आगरा में दो एवं महराजगंज में एक मरीज मिला है। प्रदेश में ओमिक्रॉन मरीजों की संख्या अब 31 हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीनोम सीक्वेंसिंग का दायरा बढ़ाने का निर्देश दिया है। गोरखपुर, झांसी, गाजियाबाद के प्रमुख चिकित्सा संस्थानोंऔर एसजीपीजीआई लखनऊ में भी यह सुविधा बढाई जा रही है। अभी बीएचयू, केजीएमयू, सीडीआरआई, आईजीआईबी, राम मनोहर लोहिया संस्थान लखनऊ में पहले से ही जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था है। हर दिन तीन से चार लाख सैंपल की जांच के मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को दिए निर्देश। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि हर दिन तीन से चार लाख लोगों की कोविड जांच की जाए। उन्होंने ट्रेसिंग, टेस्टिंग और ट्रीट के फार्मूले को अपनाने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री मंगलवार को कोविड की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि निजी प्रयोगशालाओं को कोविड टेस्टिंग के लिए अधिकृत करने से पूर्व उनके पिछले रिकॉर्ड देखे जाएं। क्वालिटी टेस्टिंग अनिवार्य है। हर जिले के नोडल अधिकारी अपने संबंधित जिलों से संवाद करें। हर स्थिति पर सीधी नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगरानी समिति और इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां कियाशील रहें। घर–घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों को चिह्नित किया जाए। उनकी सूची जिला प्रशासन को दी जाए। जरूरत के मुताबिक लोगों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड के उपचार में उपयोगी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। माघ मेले में आरटीपीसीआर जांच जरूरी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रयागराज माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 48 घंटे पूर्व की कोविड आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता लागू की जाए। कल्पवासियों सहित सभी श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

## अखिलेश यादव के दरबार में अजय की होती थी सीधे एंट्री : दूधिया से बिल्डर बने चौधरी की ऐसी चमकी किस्मत

बागपत ब्यूरो : एसीई समूह के चेयरमैन अजय चौधरी उर्फ संजू ने काफी तेजी से तरक्की की सीढ़िया चढ़ी। कभी दूध सप्लाई का कारोबार करने वाले अजय को नुकसान हुआ तो प्रॉपर्टी डीलिंग में कदम रखा। बिल्डर बनने के साथ ही एसीई समूह का मालिक बन गया। दिल्ली और एनसीआर के बड़े बिल्डरों में उसका नाम शुमार है। कहा जाता है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश के दरबार में उसकी सीधी एंट्री होती है। अजय वर्ष 2000 से पहले दिल्ली में दूध सप्लाई का कारोबार करता था। इसमें काफी नुकसान हुआ तो वह प्रॉपर्टी के कारोबार में घुस गया। उसके पास अपनी पैतृक जमीन काफी थी। वह जमीन की खरीद–फरोख्त कराने लगा। इसके बाद वह पाबी में अपने एक रिश्तेदार के पास चला गया। रिश्तेदार का प्रॉपर्टी का पहले से बड़ा काम था। उनक साथ मिलकर अजय उर्फ संजू ने कॉलोनी काटने व फ्लैट बनाने का काम शुरू कर दिया। इसके बाद वह तेजी से आगे बढ़ता चला गया। दिल्ली व एनसीआर के बड़े बिल्डरों में शामिल होने के साथ ही एसीई ग्रुप का चेयरमैन बन गया। इसी बीच वह सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का करीबी हो गया। कहा जाता है कि अखिलेश के दरबार में उसकी सीधी एंट्री होती है। फार्म हाउस पर भी छापा। अजय चौधरी के पैतृक गांव महरमपुर स्थित फार्म हाउस पर भी आयकर की टीम ने छापा मारा। डिप्टी डायरेक्टर राजीव प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम उनके पैतृक गांव महरमपुर पहुंची। टीम ने करीब बीस बीघा मेंबनाए गए फार्म हाउस और आलीशान बंगले में प्रवेश कर गेट बंद करा दिया। टीम देर शाम तक जांच करती रही। फ्लैट बिक्री में 40 फीसदी नकद लेने का आरोप। एसीई ग्रुप के प्रमोटर अजय चौधरी और रुद्र बिल्डर पर फ्लैट की बिक्री में पूरी रकम का 40 फीसदी नकदी लेने का आरोप भी है। इस रकम को वह अपनी दूसरी परियोजनाओं व सहयोगी कंपनियों में स्थानांतरित कर टैक्स चोरी करते थे। छापे में चौधरी और कंपनी के निदेशक नहीं मिले। आयकर की टीमें दिल्ली के वसंत कुंज स्थित चौधरी के आवास और गाजियाबाद सूर्य नगर स्थित उनके भाई प्रताप के घर पर भी पहुंचीं, लेकिन चौधरी वहां नहीं मिले। आयकर टीम रुद्र ग्रुप के प्रबंध निदेशक मुकेश खुराना के दिल्ली सफदरजंग इंक्लेव स्थित घर और नोएडा सेक्टर 63 स्थित दफ्तर पर भी पहुंची। छापे की कार्रवाई करीब 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली। जांच में कर रहे सहयोग। एसीई समूह के सीएमडी अजय ने ईमेल के जरिये पूछे सवाल का जवाब नहीं दिया। कंपनी के प्रवक्ता के अनुसार सीएमडी जांच एजेंसी में सहयोग कर रहे हैं। हम एक कंपनी के तौर पर सारे नियम–कानूनों का पालन करते हैं। प्रवक्ता के अनुसार, तीन महीने पहले भी समूह पर छापे मारे गए थे और उस समय भी विभाग के साथ पूरा सहयोग किया गया था। चाबी नहीं मिलने पर ताले खुलवाने को कारीगर लेकर आई टीम। अजय उर्फ संजू के फार्म हाउस पर आयकर विभाग की टीम दोपहर बाद तक जांच करती रही। कई अलमारियों का ताला नहीं खुला और उनकी चाबी भी टीम को नहीं मिली। इसके बाद टीम का एक सदस्य खुद ही खेकड़ा गया और चाबी बनाने वाले कारीगर को गाड़ी में साथ लेकर आया। इसके बाद ही अलमारी और ताले खुलवाकर जांच शुरू की गई।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## एरोबिक्स क्लब सीए गार्डन इंदौर द्वारा नव वर्ष उत्सव मनाया गया

इंदौर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्लब के प्रमुख अशोक जमाले जी ने बताया कि यह आयोजन अंगारा होटल में मनाया गया। जिसमें सभी एरोबियंस ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आदरणीय श्री प्रकाश पुनम भगत जी श्री शिवनारायण मधु भुतडा जी ममता पांडे जी अभीधा शर्मा जी द्वारा दिप प्रज्वलित कर



किया गया। इसके बाद गणेश वंदना की गई। इस उत्सव में कइ तरह के आयोजन किए गए। सभी ने एक से बढ़कर एक गीत गजल गाएं। नृत्य प्रस्तुत किये । अभिधा शर्मा जी ने काव्य पाठ किया। कई तरह के गेम्स का आयोजन किया। रेम्प वाक् की। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन श्रीमती आरती जमाले जी एवं ज्योति चौरसिया जी ने किया। आभार व्यक्त अभिधा शर्मा जी ने किया। अशोक जमाले जी ने बताया कि इस क्लब की खास बात तो यह है कि यह क्लब निशुल्क है। यहां कि मुख्य ट्रेनर ममता पांडे जी के नेतृत्व में सभी को निशुल्क एरोबिक्स सिखाया जाता है एवं अन्य जाने माने ट्रेनर्स को भी बुलवाकर क्लब में नये नये स्टेप्स सिखाये जाते हैं। यह एरोबिक्स अरण्य नगर सिए गार्डन में सुबह साढ़े छः से साढ़े सात बजे तक सिखाया जाता है।

## अप्रैल–मई में होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा : कोरोना की तीसरी लहर से पड़ सकता है प्रभाव

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा–2022 अप्रैल–मई में आयोजित की जाएगी। परिषद की ओर से विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद परीक्षा कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव फरवरी–मार्च में प्रस्तावित है। परीक्षा के लिए करीब 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। बोर्ड की ओर से इस वर्ष भी पाठ्यक्रम 30 प्रतिशत कम किया गया है। यूपी बोर्ड की ओर से अप्रैल–मई में बोर्ड परीक्षा कराने की तैयारी की जा रही है। परिषद के अधिकारी ने बताया कि परीक्षा का कार्यक्रम आचार संहिता लागू होने के बाद तैयार किया जाएगा। परीक्षा का कार्यक्रम जारी करते समय कोरोना संक्रमण की स्थिति का आकलन भी किया जाएगा। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच परीक्षा का कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है।

## जफराबाद थाना क्षेत्र में युवक की हत्या : घर से 500 मीटर दूर पेड़ के नीचे मिला शव

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर कला गांव में बुधवार को प्रेम–प्रसंग में युवक की हत्या कर दी गई है। आरोपियों ने बेल्ट से गला कसकर घटना को अंजाम दिया है। मृतक का शव उसके घर से 500 मीटर दूर एक पेड़ के नीचे मिला है। जफराबाद



थाना सम्मोपुर कला गांव निवासी मुन्ना लाल यादव मुंबई में रहकर कमाता है। घर पर बेटा दीपक यादव(22) अपनी मां और परिवार के लोगों के साथ रहता था। दीपक का शव आज सुबह उसके घर से 500 मीटर दूर एक पेड़ के नीचे मिला है। पास में एक बेल्ट पड़ी है। दीपक के गल्ले में बेल्ट का निशान है, ऐसे में माना जा रहा है कि उसी बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी गई है। वहीं, घटना की सूचना पर सीओ सिटी जितेंद्र दूबे, थानाध्यक्ष जफराबाद योगेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। जांच में प्रेम–प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। पुलिस ने परिजनों के आरोप के आधार पर गांव के एक युवक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही गांव की ही एक लड़की से पूछताछ कर रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
यदि हम अपनें से मित्रता कर लेते हैं तो कभी अकेले नहीं होंगे–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# सीडीएस जनरल बिपिन रावत : जांबाज योद्धा, अचूक रणनीतिकार

वर्ष 1971 में यानी बांग्लादेश युद्ध के दौरान ही देश में सीडीएस या रक्षा प्रमुख की चर्चा शुरू हो गई थी, जो सेना के तीनों अंग का प्रधान होता है। रक्षा प्रमुख के होने से युद्ध जैसी स्थिति में सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल होने का फायदा होता है। वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जनरल सैम माणेकशॉ को, जो तब थल सेनाध्यक्ष थे, रक्षा प्रमुख बनाना चाहती थीं।

जो भी आदमी सेना की वर्दी पहनता है, वह जानता है कि उसके साथ कभी भी अनहोनी हो सकती है। देश के पहले रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत भी यह बात बखूबी जानते रहे होंगे। वह बेहद काबिल आदमी और जांबाज योद्धा थे। साथ ही, वह बहुत किस्मत वाले भी थे। उन्हें गोली लग चुकी थी। नगालैंड में हुए एक हादसे में वह बाल–बाल बच गए थे। लेकिन विगत आठ दिसंबर को, जब वह एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, तकदीर ने उनका साथ नहीं दिया।

उनका हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वह हमसे बिछड़ गए। उनके साथ–साथ उनकी पत्नी तथा दूसरे लोग भी काल के गाल में समा गए और सिर्फ ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह अस्पताल में बेहद बहादुरी से जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनरल बिपिन रावत के बारे में यह याद रखना चाहिए कि अपनी बहादुरी और काबिलियत के कारण ही उन्हें थल सेनाध्यक्ष, और फिर देश का पहला रक्षा प्रमुख बनाया गया।

वर्ष 1971 में यानी बांग्लादेश युद्ध के दौरान ही देश में सीडीएस या रक्षा प्रमुख की चर्चा शुरू हो गई थी, जो सेना के तीनों अंग का प्रधान होता है। रक्षा प्रमुख के होने से युद्ध जैसी स्थिति में सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल होने का फायदा होता है। वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जनरल सैम माणेकशॉ को, जो तब थल सेनाध्यक्ष थे, रक्षा प्रमुख बनाना चाहती थीं।

लेकिन तत्कालीन वायुसेनाध्यक्ष ने उस प्रस्ताव पर रुचि नहीं दिखाई, क्योंकि माणेकशॉ से उनके अच्छे रिश्ते नहीं थे। करगिल युद्ध के बाद तैयार की गई रिपोर्ट में एक बार फिर रक्षा प्रमुख की जरूरत बताई गई, क्योंकि उस युद्ध में थलसेना और वायुसेना के बीच तालमेल की कमी सामने आई थी। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उस संभावना पर पानी फेर दिया।

नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने, तो उन्हें रक्षा प्रमुख का महत्व समझ में आया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल भी रक्षा प्रमुख के पक्ष में थे। विचार–विमर्श के बाद इस महत्वपूर्ण पद के लिए बिपिन रावत का नाम सामने आया। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि थल सेनाध्यक्ष के रूप में बिपिन रावत का कामकाज सरकार को बहुत पसंद आया था। वह सेना के आधुनिकीकरण के हामी थे।

रक्षा प्रमुख के तौर पर उन्होंने अनेक काम किए, लेकिन उनकी सबसे महत्वाकांक्षी योजना इंटीग्रेटेड थियेटर कमांड के गठन की थी। इसके तहत वह अलग–अलग सत्रह कमांड को एक एकीकृत बल (यूनिफाइड फोर्स) में लाने की योजना बना रहे थे, जो दुर्योग से अधूरी रह गई। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले दिनों में यह काम जरूर पूरा होगा।

जनरल रावत ने अपने लंबे सैन्य जीवन में एक जांबाज सैनिक और अचूक रणनीतिकार की अपनी छवि बनाई थी। जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद–विरोधी लड़ाई में योगदान के कारण उन्हें पुरस्कार मिला था। पूर्वोत्तर में उग्रवाद–विरोधी अभियानों में उनकी सक्रियता भी उतनी ही देखने लायक थी। इस संदर्भ में खासकर 2015 में नगा उग्रवादियों को करारा जवाब देने के लिए म्यांमार स्थित उनके शिविरों को निशाना बनाने की घटना याद की जा सकती है, जिसे औपचारिक तौर पर पहली सर्जिकल स्ट्राइक माना जाता है। उरी में हुए हमले के बाद उनकी सक्रियता देखने लायक थी।

वह युद्धभूमि में एक सख्त सैनिक थे, तो रात–रात भर जागकर सैन्य व्यूह रचना करने वाले अनूठे योजनाकार भी थे। पुलवामा हमले के जवाब में की गई सर्जिकल स्ट्राइक दुनिया ने देखी। जनरल रावत, जाहिर है, उस जवाबी हमले के योजनाकारों में से थे। शीर्ष सेनाधिकारी के तौर पर जनरल बिपिन रावत ने अपनी गहरी छाप छोड़ी। उनके समय में पाकिस्तान और चीन, दोनों के खिलाफ सख्ती हमारी सेना के हौसले और मनोबल के बारे में ही बताती थी।

भारतीय सेना ने युद्ध के मैदान में हमेशा ही शौर्य का परिचय दिया है। आज का भारत एक साथ दो मोर्चों पर बढ़े हुए मनोबल के साथ लड़ सकता है। जनरल रावत ने इसके अलावा कई बार अपने फैसलों, विचारों और टिप्पणियों से भी भारतीय सेना की बनी–बनाई छवि तोड़ी। चाहे वह कश्मीर के बड़गाम में पत्थरबाजों से बचाव के लिए एक आम नागरिक को सेना की जीप के बोनट पर बांधकर घुमाने वाले मेजर गोगोई को दिया गया पुरस्कार हो या फिर सीएए के खिलाफ आंदोलन करने वालों की आलोचना या फिर सरकार की नीतियों का समर्थन।

इन सबके जरिये जनरल रावत ने यह संदेश दिया कि देश के जिन मुद्दों से सेना का सीधे जुड़ाव है, उन पर सेनाधिकारियों को टिप्पणी करने का अधिकार है। हां, जिन मुद्दों से सेना का कोई लेना–देना नहीं, उन पर जरूर टिप्पणी करने से उसे बचना चाहिए। लेकिन इस सोच का समर्थन नहीं किया जा सकता कि सेना को राजनीति से दूर ही रहना चाहिए।चूंकि रक्षा प्रमुख जनरल रावत, उनकी पत्नी और दूसरे सैन्य सहयोगियों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर एमआई–17, वी5 के दुर्घटनाग्रस्त होने से यह हादसा हुआ, ऐसे में इस हेलीकॉप्टर पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि जांच में सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। इसलिए जल्दबाजी में इस हेलीकॉप्टर की क्षमता पर सवाल उठाना सही नहीं है, क्योंकि इसे सबसे सुरक्षित हेलीकॉप्टर माना जाता है।

फिर यह भी नहीं भूल सकते कि इस तरह के हादसे इससे पहले भी हुए हैं। अव्वल तो जैसा कि बताया गया है, धुंध के कारण दृश्यता बहुत कम थी। तिस पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त इस तरह की समस्या आ जाती है। लिहाजा यह उस हेलीकॉप्टर की क्षमता पर सवाल उठाने का सही समय नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मोदी योगी की योजनाओं का प्रचार बूथ स्तर तक करें : प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी प्रकाश पाल की उपस्थित में व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू की अध्यक्षता में जिला संयोजक आईटी सौरभ सिंह गौर एवं सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न आनंद मिश्रा के संयोजकत्व में आज मुख्य अतिथि पंकज शुक्ला, प्रभारी अवध क्षेत्र/प्रदेश प्रमुख आईटी एवं सोशल मीडिया गुजरात तथा विशिष्ट अतिथि मानस मित्रा क्षेत्रीय संयोजक आईटी एवं आयुष बाजपाई क्षेत्रीय संयोजक सोशल मीडिया द्वारा हरदोई जिले की आईटी व सोशल मीडिया जिला टीम के साथ विधानसभा चुनाव को केंद्र में रखते हुए आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना बनवाते हुए कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ पंकज ने कहा कि भाजपा आईटी व सोशल मीडिया के प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार की गरीब कल्याण कारी अनेकों योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के बीच रखने के साथ साथ विरोधियों द्वारा किये जा रहे दुष्प्रचार को भी सत्यता के आध




ार पर जनता को अवगत कराने की जिम्मेदारी है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल ने बूथ तक के व्हाट्सएप ग्रुप पर योगी मोदी सरकार की उपलब्धियों को बूथ तक भेजने की बात कहते हुए हरदोई जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात करते हुए उनके आंकड़ो को सोशल मीडिया पर रखने की बात कही। मानस मित्रा ने संगठन की संरचना को सुदृण करने पर बल देते हुए आईटी व सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को विभिन्न टेक्नोलॉजी से अवगत करवाया। बैठक का संचालन जिला आईटी सह संयोजक विपिन मिश्रा द्वारा किया गया। जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू जी ने बैठक में पधारे सभी मंचासीन वरिष्ठ पदाधिकारी गणों व सभी विधानसभा एवं मंडल से आये हुए संयोजको सह संयोजको का आभार व्यक्त किया।

# गोरखपुर वासियों को मिलेगी साप्ताहिक ट्रेन की सौगात : हरी झंडी दिखाएंगे रेल मंत्री

गोरखपुर ब्यूरो : रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव छह जनवरी को गोमतीनगर स्टेशन से गोरखपुर के रास्ते चलने वाली गोमतीनगर–कामाख्या नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दौरान वह नई ट्रेनों की भी घोषणा कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, नई ट्रेन के चलने से पूर्वांचल के लोगों की राह आसान हो जाएगी। यात्री सीधे कामाख्या तक सफर तय कर सकेंगे। गोरखपुर से लखनऊ के बीच आवागमन करने के लिए एक वैकल्पिक ट्रेन मिल जाएगी। दरअसल, गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन में ट्रेनों का लोड अधिक होने से रेलवे प्रशासन ने रेल मंत्रालय से गोमतीनगर से जम्मूतवी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, पुरी, गुवाहाटी और कामाख्या के बीच नई ट्रेन की मांग की थी। साथ ही लोकल रूटों पर चलने वाली कुछ पैसेंजर ट्रेनों की मांग की थी। प्रत्येक सोमवार को चलेगी गोमतीनगर–कामाख्या एक्सप्रेस। गोमतीनगर–कामाख्या एक्सप्रेस गोमतीनगर से प्रत्येक सोमवार को चलेगी। 15078 नंबर की ट्रेन गोमतीनगर से सुबह 10 बजे रवाना होकर




बस्ती के रास्ते अपराह्न 2:55 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। छपरा होते हुए दूसरे दिन 03:30 बजे कामाख्या पहुंचेगी। वापसी में 15077 नंबर की ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को कामाख्या से शाम 6:30 बजे रवाना होकर छपरा होते हुए दूसरे दिन दोपहर 1:40 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

# अब गैंगस्टर लगते ही जब्त हो जाएगी अपराधियों की संपत्ति : इस नियम में किया गया बड़ा बदलाव

गोरखपुर ब्यूरो : अब गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई होते ही अपराधी की संपत्ति जब्त हो सकेगी। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शासन ने प्रदेश में पहली बार लागू हुई गैंगस्टर नियमावली–2021 में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। पहले जब्तीकरण की कार्रवाई वैकल्पिक थी। नई नियमावली 27 दिसंबर 2021 से प्रदेश में लागू हो चुकी है। गत सोमवार रात सभी थानाध्यक्षों को नियमावली में हुए, बदलाव की जानकारी दे दी गई है। डीएम विजय किरन आनंद का कहना है कि इससे अपराधियों में भय का माहौल बनेगा। नई नियमावली के प्रावधानों के मुताबिक संपत्ति जब्त करने की रिपोर्ट आने पर डीएम खुद संपत्तियों की जांच कर सकते हैं या किसी विधि अधिकारी से जांच करा सकते हैं। गैंगरेप, हत्या, डकैती, हत्या कर लूट जैसे अपराधों में से किसी एक भी अपराध में मुकदमा दर्ज होते ही तत्काल संबंधित अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकेगी। पुरानी व्यवस्था में कितनी भी गंभीर धारा हो, गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिए एक से अधिक केस का होना अनिवार्य था। यही नहीं डीएम की अनुमति से इन अपराधों में शामिल नाबालिग पर भी गैंगेस्टर की कार्रवाई हो सकेगी। गैंग चार्ट में नाम नहीं, फिर भी विवेचना में जोड़ा जा सकेगा नाम। नियमावली के अनुसार यदि गैंग चार्ट में नाम नहीं है और विवेचना के दौरान यह बात सामने आती है कि किसी की संबंधित अपराध में संलिप्तता रही है या अपराधी का किसी रूप में सहयोग किया है तो डीएम की अनुमति से उसका नाम भी गैंगस्टर में जोड़कर चार्जशीट दाखिल की जा सकती है। विवेचना की समीक्षा हर तीन महीने पर डीएम करेंगे। हर छह महीने पर कमिश्नर एवं एक साल पर अपर मुख्य सचिव गृह इसकी समीक्षा करेंगे। गलत कार्रवाई पर नाम हट जाएगा। यदि किसी पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई गलती से कर दी गई है तो विवेचना के दौरान डीएम उसे वापस ले सकेंगे। यदि आरोपपत्र दाखिल हो चुका है तो राज्य सरकार से संस्तुति की जाएगी। गैंग चार्ट में जिस विषयवस्तु का उल्लेख किया जाएगा, उसके सही होने की पूरी जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारी की होगी। डीएम विजय किरन आनंद ने बताया कि गैंगस्टर से संबंधित नई नियमावली लागू हो गई है। स्थानीय स्तर पर पुलिस को भी बदले हुए प्रावधानों की जानकारी दे दी गई है। अब अपराधियों में भय व्याप्त होगा। वे गंभीर अपराध करने से घबराएंगे।

# युगों तक अमर रहेगी स्वतंत्रता आंदोलन में दुर्गा भाभी की वीरता : आनंदी बेन

प्रयागराज ब्यूरो : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को इलाहाबाद संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन की वीरांगनाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाएं स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में युगों तक मील का पत्थर बनकर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। इसी के साथ संग्रहालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भूमिका विषयक दो दिवसीय संवाद की शुरुआत हो गई। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता आंदोलन की वीरांगनाओं को याद किया जा रहा है। उनके योगदान को रेखांकित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं ने जिस दृढ़ता से नेतृत्व किया, वह तत्कालीन परिस्थितियों में कल्पना से परे है। उन्होंने तमाम सामाजिक बंधनों को दरकिनार कर स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली दुर्गा भाभी, झलकारी बाई, सावित्रीबाई फूले, ऊदा देवी, दुर्गा बाई देशमुख, अजीजन बेगम की वीरता को प्रेरणाप्रद बताया। राज्यपाल ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत में तब क्रांतिकारियों को सजाएं होती थीं, तब उनके घर की महिलाएं अपने पति और बेटे को जेल जाते समय बधाई देती थीं। साथ ही उन्हें भारत माता के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रेरित भी करती थीं। राज्यपाल ने स्वतंत्रता आंदोलन की ज्ञात और अज्ञात महिलाओं के योगदान को सराहा और उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय महिलाएं जुलूस और हड़ताल में भी पीछे नहीं रहती थीं। महिलाएं क्रांतिकारियों को तलवार बांटती थीं और जरूरत पड़ने पर तलवार उठा भी लेती थीं। उन सभी महिलाओं के



योगदान को राष्ट्र हमेशा याद करता रहेगा। इनके बाद मंडलायुक्त संजय गोयल ने भी स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। इससे पहले संग्रहालय के प्रभारी निदेशक डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संग्रहालय में भारतीय कला में शिव प्रदर्शनी। राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय में भारतीय कला में शिव विषयक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में शिव के विविध रूपों को प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इसका अवलोकन किया। इसी विषय पर संवाद भी हुआ।

# मुख्यमंत्री योगी ने दिया निर्देश– हर दिन तीन से चार लाख सैंपल की जांच के निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि हर दिन तीन से चार लाख लोगों की कोविड जांच की जाए। उन्होंने ट्रेसिंग, टेस्टिंग और ट्रीट के फार्मूले को अपनाने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री कोविड की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि निजी प्रयोगशालाओं को कोविड टेस्टिंग के लिए अधिकृत करने से पूर्व उनके पिछले रिकॉर्ड देखे जाएं। क्वालिटी टेस्टिंग अनिवार्य है। हर जिले के नोडल अधिकारी अपने संबंधित जिलों से संवाद करें। हर स्थिति पर सीधी नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगरानी समिति और इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां क्रियाशील रहें। घर–घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों को चिह्नित किया जाए। उनकी सूची जिला प्रशासन को दी जाए। जरूरत के मुताबिक लोगों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड के उपचार में उपयोगी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता



सुनिश्चित कर ली जाए। माघ मेले में आरटीपीसीआर जांच जरूरी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रयागराज माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 48 घंटे पूर्व की कोविड आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता लागू की जाए। कल्पवासियों सहित सभी श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

# 1.32 लाख विद्यार्थियों को मिली डिग्री : आधे से अधिक बेटियां

प्रयागराज ब्यूरो : प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को एक 132371 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान गई, जिनमें आधे से अधिक बेटियां हैं। इनमें से 1405 विद्यार्थियों को परास्नातक और 117868 विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री दी गई। वहीं, 132 मेधावियों को 135 पदक प्रदान किए गए, जिनमें 47 स्वर्ण, 44 रजत और 44 कांस्य पदक शामिल हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज से कृषि स्नातक में सर्वाधिक 85.06 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले कानपुर नगर के मंधना, कल्याणपुर निवासी आकाश कुमार कमल को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया। वहीं, नैनी स्थित यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से बीबीए में सर्वाधिक 82 फीसदी अंक हासिल करने पर लालगोपालगंज के वार्ड नंबर–14 स्थित सेठिया मोहल्ले की वैष्णवी अग्रवाल और बरौत के उर्मिला देवी डिग्री कॉलेज से बीसीए में सर्वाधिक 78 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली गौरी श्रीवास्तव को भी गुलाटी स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा मौजूद रहे। पदक वितरण के बाद पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री। राज्यपाल की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुआ। दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को भी शामिल होना था, लेकिन कोहरे के कारण उनकी फ्लाइट समय से नहीं पहुंचे और वे समारोह में पदक वितरण के बाद पहुंचे। देर से आने के लिए उन्होंने क्षमा मांगी और कहा कि वह राज्यपाल के प्रति क्षमाप्रार्थी हैं। कई पाठ्यक्रमों में सिर्फ बेटियों को पदक। – कई पाठ्यकमों में सभी पदकों पर बेटियों ने कब्जा किया। शिक्षाशास्त्र विषय में पीजी विद्यार्थी मोनाली चटर्जी, प्रतिभा सिंह एवं खुशबू शुक्ला, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में पीजी विद्यार्थी मीना त्रिपाठी, प्रियंका त्रिपाठी एवं अनुष्का श्रीवास्तव, विज्ञान संकाय में स्नातक विद्यार्थी गरिमा, पूर्ति सिंह एवं ईशा विश्वास, वाणिज्य संकाय में स्नातक विद्यार्थी आयुषी जायसवाल, मिताली मिश्रा एवं दिव्या गुप्ता और बीएड में प्रगति केसरी, श्रेष्ठा सिंह एवं आरजू सिंह को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त हुए। सभी विश्वविद्यालयों में होगी नर्सिंग, फॉर्मेसी की पढ़ाई। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में नर्सिंग और फार्मेसी के पाठ्यकम शुरू किए जाएंगे। यह बात डिप्टी सीएम एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने मंगलवार को प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्याय के दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दीक्षांत का अर्थ शिक्षांत नहीं है, बल्कि यह जीवन की एक नई शुरुआत है जब समाज के लिए कुछ करने का मौका मिलता है। कहा कि हमेशा बड़ा सपना और बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों में भी शोध कार्य प्रारंभ हों, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रोफेसर का पदनाम मिले, इसके लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कई महाविद्यालयों में शोध कार्य भी शुरू कए गए हैं। इसी उद्देश्य से सभी विश्वविद्यालयों में दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ की स्थापना की गई है।

# यूपी–एमपी में बस संचालन के लिए मालिकों को नहीं मिली राहत

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी–एमपी में बसों केसंचालन के लिए बस मालिकों को राहत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण उत्तर प्रदेश के फैसले को सही मानते हुए मामले को सुनवाई के लिए फिर राज्य परिवहन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मोहम्मद सलीम सहित एक साथ चार मामलों की सुनवाई करते हुए दिया है। ये चारों मामले एक ही प्रकृति के थे। चारों में याचियों ने राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी थी। मामला झांसी जिले के नौगांव का है। यूपी–एमपी को 21 नवंबर 2006 के आपसी समझौते के आधार पर रूट नंबर 86 (दतिया–छतरपुर वाया झांसी नौगांव) बसों का संचालन करना था। झांसी से पांच बसों का संचालन होना था। उसके लिए राज्य परिवहन प्राधिकरण ने मानदंड तय किए थे। मामले में तीन बस ऑपरेटर्स के वाहन मानदंडों पर खरे उतरे तो उन्हें संचालन की अनुमति दे दी गई। जबकि, तीन वाहन ऑपरेटर्स को 45 दिन का समय देते हुए



मानदंडों के आधार पर वाहनों की व्यवस्था के निर्देश दिए थे। लेकिन इन तीनों वाहन आपरेटरों ने इस फैसले को लेकर राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती दी और जब वहां से राहत नहीं मिली तो हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। विरोधी पक्ष के अधिवक्ता गिरीश कुमार मालवीय का कहना था कि मामला अपीलीय न्यायाधिकरण ने तय कर दिया था। इसलिए इसमें कुछ बचा नहीं है। जबकि याची पक्ष के अधिवक्ताओं के तर्कों को कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया और राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को सही मानते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को चस्पा करने का भी निर्देश दिया।

# पश्चिमी यूपी में बारिश ने बढ़ाई सर्दी दिन भर नहीं दिखा सूरज : अगले कुछ दिन ऐसा रहेगा मौसम

मेरठ ब्यूरो : दो पक्षिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बुधवार को मौसम का मिजाज बदला नजर आया। सूरज दिन भर दिखाई नहीं दिया। वहीं दिन का तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। विशेषज्ञों ने नौ तारीख तक बारिश की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 07.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि मेरठ में पांच से नौ जनवरी तक प्रतिदिन औसतन 3.5, 16.4, 3.1, 3.9 व 6.9 मिमी बारिश की संभावना है। मेरठ में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 371 रहा। बारिश के बाद प्रदूषण में कमी आएगी। बुधवार को मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत व सहारनपुर समेत कई जिलों में सुबह से ही बूंदाबांदी होती रही। इससे आवागमन



तो प्रभावित हुआ ही साथ ही जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। बाजारों से लेकर यातायात व्यवस्था पर मौसम के बदलाव का असर दिखाई पड़ रहा है। बाजारों में जहां सन्नाटा पसरा रहा और बेहद कम संख्या में ग्राहक पहुंचे। वहीं सड़कों पर भी वाहनों की संख्या कम नजर आई। शाम तक भी आकाश में बादल छाए हुए हैं।

# महामारी को देखते हुए समस्त न्यायालयों के संचालन हेतु निर्गत किये गये दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जनपद न्यायाधीश मदन पाल सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, द्वारा प्राप्त हुआ है कि महामारी कोविड–19 के केसों में वृद्धि को देखते हुए समस्त न्यायालयों (अधिकरणो सहित) के संचालन हेतु कुछ दिशा निर्देश निर्गत किए गए हैं जो 3 जनवरी 2022 से अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेंगे। उक्त के संबंध में न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा समस्त प्रकार के न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यो को समय–समय पर निर्गत एवं प्रभावी प्रविधानो, नियमावली, मार्गदर्शन एवं परिपत्रों में वर्णित उपबन्धों के अनुसार किया जाता सुनिश्चित करें। इस न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि एक समय में न्यायालय कक्षों में अधिकतम दस अधिवक्ता/पक्षकार से अधिक उपस्थित न हो तथा अधिवक्तागण के प्रयोग हेतु उचित दूरी के साथ केवल 06 कुर्सियों की व्यवस्था की जाय तथा प्रत्येक व्यक्ति जो न्यायालय कक्ष में प्रवेश करेगा उसके द्वारा शारिरिक दूरी के दिशा निर्देश का अनुपालन भी किया जाए। पीठासीन अधिकारी को यह भी अधिकार होगा कि जब अधिवक्तागण द्वारा बहस की जा रही हो तो किसी भी व्यक्ति को न्यायालय कक्ष में प्रवेश से निषेधित कर सकते हैं। अपर जिला जज/एफ0टी0सी0, प्रथम जौनपुर/ नोडल ऑफिसर सेनेटाईजेशन अंजनी कुमार सिंह को निर्देशित किया जाता है कि न्यायालय परिसर को न्यायिक कार्य से खोले जाने से पूर्व प्रत्येक कार्य दिवस को जिला प्रशासन / अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के सहयोग से न्यायालय परिसर की सम्पूर्ण साफ–सफाई एवं समस्त न्यायालय / कार्यालय कक्षों का सम्पूर्ण सेनेटाईजेशन मेडिकल गाईलाइन अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट / रेप, तृतीय/नोडल आफिसर वर्चुअल कोर्ट रजनीश कुमार को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी न्यायिक अधिकारी / विद्वान अधिवक्तागण के मॉँग पर वर्चुअल कोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। नये वादों / प्रार्थनापत्री (सिविल एवं दाण्डिक) या अन्य प्रार्थनापत्रक वादकारियों से प्राप्त करने हेतु जुडिशियल सर्विस सेन्टर (केन्द्रीयकृत फाइलिंग काउन्टर) के उपयोग हेतु कम्प्यूटर अनुभाग को चिन्हित किया जाता है कि जहाँ ऐसे वादों / प्रार्थनापत्रों को सी०आई०एस० पर पंजीकृत किया जायेगा। प्रार्थनापत्र पर अधिवक्तागण / वादकारीगण के मोबाइल नम्बर सहित विस्तृत विवरण अंकित किया जाना अनिवार्य होगा, जिससे प्रपत्रों में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बन्धित अधिवक्तागण को सूचित किया जाय तदोपरान्त ऐसे प्रार्थनापत्र को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाय। इस सम्बन्ध में अपर जिला जज, चतुर्थ / नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग प्रकाश चन्द्र शुक्ला को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त दिशानिर्देश का अनुपालन अपने स्तर से कराया जाना सुनिश्चित करे। अपर जिला जज, चतुर्थ / नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग प्रकाशचन्द्र शुक्ला को निर्देशित किया जाता है कि पक्षकारों द्वारा लिखित बहस जुडिशियल सर्विस सेन्टर पर प्राप्त करने तथा सम्बन्धित न्यायालय को प्रेषित किये जाने हेतु कम्प्यूटर अनुभाग के किसी कर्मचारी को अधिकृत / निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करे। न्यायालय परिसर एवं न्यायालय कक्ष में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए मास्क का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा तथा नोडल आफिसर सेनेटाइजेशन / प्रभारी अधिकारी नजारत को निर्देशित किया जाता है कि न्यायालय कक्ष के प्रवेश द्वार पर सेनेटाइजर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। इस न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों के रीडर, लिपिक व अन्य कर्मचारीगण द्वारा सोशल डिस्टेसिंग नियम का पालन किया जायेगा। जिला प्रशासन / सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से यह आख्या प्राप्त हो कि किसी विशेष अवधि के लिए न्यायालय परिसर / आउट लाइन कोर्ट को कोविड–19 महामारी के कारण बन्द किया जाय, तो प्रश्नगत अवधि तक के लिए न्यायालय परिसर / आउट लाइन कोर्ट बन्द रखा जायेगा और विशिष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए, सूचना माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की जायेगी। जिला मजिस्टेªट / जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के सहयोग से न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों की धर्मल स्कैनिंग जाँच प्रत्येक कार्य दिवस में सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को पत्र प्रेषित किया जाय। इस न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायिक साइड एवं भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के समस्त निर्देशों एवं मार्गदर्शन का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें। न्यायालयों के परिचालन हेतु वर्तमान आदेश द्वारा प्रभावी की गयी व्यवस्था के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण से विचार–विमर्श किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया तथा उनसे यह अपेक्षा की गयी कि न्यायालयों में अधिवक्तागण एवं वादकारियों से प्रवेश को विनियमित किये जाने के सम्बन्ध में उचित सहयोग प्रदान करें तथा जिन विद्वान अधिवक्तागण का बहस समाप्त हो जाये वे शीघ्रातिशीघ्र न्यायालय कक्ष/ न्यायालय परिसर छोडने हेतु अनुरोध किया गया। दीवानी न्यायालय अधिवक्तागण के पदाधिकारीगण से यह अपेक्षा की गयी कि जिन विद्वान अधिवक्तागण के वाद किसी विशिष्ट दिन नियत हो वही विद्वान अधिवक्तागण न्यायालय परिसर में उपस्थित हो। माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष दैनिक आख्या संक्षिप्त फीडबैंक के रूप में जनपद न्यायाधीश द्वारा दैनिक आधार पर प्रेषित की जायेगी तथा सिस्टम आफिसर को निर्देशित किया जाता है कि निस्तारित किये गये वादों / प्रार्थनापत्रों की संख्या एवं स्थिति की समेकित आख्या दैनिक आधार पर माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जनपद न्यायालय के सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कोर्ट मैनेजर सिस्टम आफिसर एवं केन्द्रीय नाजिर को आवश्यक अनुपालन हेतु सूचित किया जाय।

# सात दिन पहले टहलने निकले व्यवसायी की अपहरण के बाद हत्या : मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के खपरहा बाजार से छह दिन पहले घर से कुछ दूरी पर टहल रहे किराना व्यवसायी के अपहरण के बाद उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपियों ने अपने गुनाह छुपाने के लिए उसके शव को जला दिया। लेकिन, इसकी खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि खुद को घिरता देख बदमाशों ने गोली चला दी, जो क्राइम ब्रांच के प्रभारी आदित्य त्यागी की जैकेट में लगी। इसके बाद पुलिस ने भी गोली चलाई, जो एक बदमाश के पैर में लगी है, जिसकी पहचान दीपक सिंह के रूप में हुई है। वहीं, इस मामले में मौके से आरोपी राज कुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया है। जबकि इसी मामले में पूर्व में एक और आरोपी अमन सिंह गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, खपरहा बाजार के व्यवसायी अखिलेश जायसवाल(40) 30 दिसंबर की रात लगभग साढ़े आठ बजे रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर से टहलने निकले थे। दो घंटे तक इंतजार के बाद पत्नी अनामिका ने फोन लगाया तो बंद मिला। किसी अनहोनी की आशंका से घबराई वह आसपास के लोगों को सूचना देते हुए 112 डायल पर सूचित किया था। पुलिस टीम आई और छानबीन कर चली गई थी। हालांकि अगले दिन सुबह घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे गिरी हुई उसकी टोपी मिली थी। इसके बाद पत्नी ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पति के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू की थी। लेकिन, व्यापारियों के आक्रोश को देखते हुए शनिवार को अपहरण का मुकदमा कायम किया गया था। छह दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर थे। इधर परिवार के लोग लगातार अनहोनी की आशंका से घबराए हुए थे। रविवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने परिजनों से भेंट कर दिलासा दिलाया और परिजनों के सामने ही एसओ संतोष राय को फोन कर घटना के संबंध में कड़े शब्दों में ताकीत दी थी। मंगलवार को सपा के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, विधायक लकी यादव व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव ने दोपहर बाद व्यवसायी के परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया। साथ ही जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीआईजी व एसपी से त्वरित कार्रवाई करने की बात कही थी। जमीन हड़पने की नियत से दिया वारदात को अंजाम। एक जनवरी को पुलिस ने इस मामले में सिकरारा थाना क्षेत्र के भुआकला समसपुर गांव निवासी बृजेश सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र रामाधार सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच में पता चला कि समसपुर भूआकला निवासी, बृजेश सिंह व दीपक सिंह द्वारा अखिलेश जायसवाल को उनके घर से 100 मीटर खपरहा बाजार के पास से अपहरण किया गया। इसमें गांव के ही राजकुमार सिंह उर्फ झुन्ना पुत्र रामाधार सिंह, दीपक सिंह उर्फ टीटू पुत्र स्वर्गीय देवी प्रसाद सिंह और अमन सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय शिव सिंह की मदद से मकान व जमीन हड़पने की नियत से एक साथ होकर अपराधिक षड्यंत्र के तहत अखिलेश को मारापीटा गया। इससे अखिलेश जायसवाल गंभीर रूप से घायल होने के बाद बेहोश हो गया, जिसके बाद शव को अभियुक्त राजकुमार और अमन सिंह के सहयोग से हरीरामपुर घाट होते हुए नाव से खूंशापुर घाट पर ले गए। शव को खूंशापुर निवासी रिशु सिंह उर्फ मनोज सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति के सहयोग से लकड़ी व पेट्रोल डालकर जला दिया। ऐसे दिया वारदात को अंजाम। पुलिस टीम ने पूर्व मे गिरफ्तार अमन सिंह की निशानदेही पर खुंशापुर घाट से जली हुई लकड़ियो, मृतक के शरीर के अवशेष और जला हुआ स्वेटर बरामद किया। बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी। इस दौरान बहदग्राम रीठी में सई नदी के पुल पर अभियुक्त दीपक सिंह उर्फ टीटू, राज कुमार सिंह को पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुके। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें एक गोली से स्वॉट टीम प्रभारी उप निरीक्षक आदेश त्यागी के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई तो एक बदमाश के पैर में लगी। वह घायल होकर गिर गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बरामदगी– – 2 तमंचा 315 बोर – 4 कारतूस 315 बोर – 1 खोखा कारतूस 315 बोर – 1 मिस फायर कारतूस – 1 मोटरसाइकिल। – जली हुई लकड़ियां, एवं मृतक के शरीर के जले हुए अवशेष ( हड्डियां व बाल), जले स्वेटर के टुकड़े की बरामदगी।

# 173 दिव्यांग जनो को बांटा गया कृतिम यंत्र

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मंगलवार को दोस्तपुर विकास खण्ड परिसर में 173 दिव्यांग को क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने कृतिम यंत्र बांटा, आयोजन में तीन विकास खण्ड दोस्तपुर से 47कादीपुर से 84 व



अखण्ड नगर विकास खण्ड क्षेत्र से 42 पात्रों ने पहुंच कर कृतिम अंग प्राप्त किया क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम व खण्ड विकास अधिकारी आशीष कुमार, सहायक विकास अधिकारी मुदित शंकर ने दिव्यांगो को माला पहनाकर स्वागत किया कृतिम यंत्र पा कर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठा, कुछ दिव्यांग अपना रजिस्टरेशन से वंचित रह गए जिन्हें मायूसी मिली आयोजन में विकास खण्ड के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यापारी सम्मेलन में मंच से गिरे विधायक संजय गुप्ता

प्रयागराज ब्यूरो : मनौरी बाजार में मंगलवार की देर रात ननिहाल आए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी को व्यापारी सम्मेलन में अव्यवस्था का शिकार होना पड़ा। मंच पर चढ़ने के दौरान व्यापारियों के एक गुट ने चायल विधायक संजय गुप्ता को नीचे धकेल दिया, जिससे अफरातफरी मच गई। विधायक के साथ हुई बदसलूकी को लेकर एक वर्ग ने नाराजगी जाहिर की है। मनौरी बाजर में मंगलवार को व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया था।



इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी को बतौर मुख्य अतिथि बुलाया गया था। कार्यत्त्क्रस्म का समय दोपहर दो बजे निर्धारित था लेकिन कैबिनेट मंत्री के फतेहपुर जनपद में कई कार्यक्रम होने के कारण वह मनौरी बाजार में रात करीब नौ बजे पहुंचे। मंत्री के पहुंचते ही व्यापारी वर्ग दो अलग अलग गुटों में बंटकर हूटिंग और नारेबाजी करने लगे। एक गुट के समर्थक व्यापारी शंकर लाल केशरवानी तो दूसरे गुट के व्यापारी चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। जैसे ही कैबिनेट मंत्री कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़ने लगे तो उनके साथ रहे चायल विधायक संजय गुप्ता और उनके समर्थकों ने भी मंच पर चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान व्यापारी वर्ग के एक गुट ने चायल विधायक को मंच पर चढ़ने से रोकते हुए धकेलने का प्रयास किया। इसको लेकर मंच पर ही अफरातफरी मच गई। विधायक के समर्थक और गनर के बीच बचाव के बाद चायल विधायक संजय गुप्ता मंच पर चढ़े और कुछ ही देर बाद वह कार्यक्रम से निकल कर चले गए।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। एल्डर कमेटी के चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों को एसोसिएशन के लाइब्रेरी हाल में शपथ दिलाई गई। इसके बाद अध्यक्ष, महासचिव सहित समस्त पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए दो दिसंबर को मतदान हुआ था। मतगणना पूरी होने के बाद शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा अध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं मनोज कुमार मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज कुमार तिवारी, सुरेंद्रनाथ मिश्र, धर्मेंद्र सिंह यादव, सत्यम पांडेय, श्याम चरन त्रिपाठी उपाध्




यक्ष, सत्यधीर सिंह जादौन महासचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं। संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर संजय सिंह सोमवंशी, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पर यादवेश यादव, संयुक्त सचिव प्रेस पर आशुतोष त्रिपाठी, संयुक्त सचिव महिला पर उष्मा मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद पर अरुण कुमार सिंह निर्वाचित हुए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों के 15 पदों पर पूजा सिंह, प्रियंका शर्मा, अनुपमा सिंह चंदेल, राखी कुमारी, अनुज कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, दिलीप कुमार यादव, अनुराग शुक्ल, अभिषेक तिवारी, सैय्यद फैज हसनैन, अखिलेश कुमार शुक्ल, हरिमोहन केसरवानी, दीपांकर द्विवेदी, मानव चौरसिया और विक्रांत नीरज शामिल हैं। कोर्ट में वर्चुअल के साथ फिजिकल सुनवाई रहेगी जारी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने वकीलों को आश्वस्त किया कि कोर्ट में वर्चुअल के साथ फिजिकल सुनवाई की व्यवस्था जारी रहेगी। सुनवाई में वकीलों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर एल्डर कमेटी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता एनसी राजवंशीए टीपी सिंहए ओपी सिंहए अनिल तिवारी के अलावा चुनाव अधिकारी वशिष्ट तिवारीए वशिष्ठ दुबे सहित निर्वाचन टीम के अन्य सभी सदस्य शामिल थे। चुनाव खर्च का रखा गया ब्यौरा। समारोह में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह ने चुनाव खर्च व आय का ब्योरा प्रस्तुत किया। चुनाव में नामांकन सिक्योरिटी व अन्य मद में आय लगभग 52 लाख रुपये हुई है। इसमें चुनाव कराने में 30 लाख रुपये खर्च हुए। जबकि 22 लाख रुपये चुनाव खाते में जमा हैं। पिछले साल चुनाव में साढ़े 12 लाख रुपये खर्च हुए थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत राजेपुर, विकास खण्ड–धर्मापुर, जौनपुर

## निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/14वां/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत, प्राप्त धनराशि से पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता,गड्ढा, डेस्क, ब्रेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण/पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य,सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, खेल कूद सामग्री, कोविड–19 सेनेटाइजेशन, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री बाल निर्माण/मरम्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05/01/2022 से 15/01/2022 को सायं 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमां की जा सकती है। जो दिनांक 16/01/2022 को अपराह्न 02:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य करानें हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सरिया, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, सेनेटाइजर, सहित खेलकूद व पार्क में व्यायाम करनें से संबन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र0सं0 | सामाग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू,महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला, गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईंट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट/एलबेस्टर सीट/फ्लैक्स आयरन, समरसेबुल, बोरिंग, प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाइट/हाइमास्क सोलर लाइट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | प्रति नग | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम.800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता किट/सेनेटाइजर,डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क–2 हैण्डपम्प मरम्त सामग्री रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिग व प्रचार–प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा,दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | डेस्कटाप कम्प्यूटर | प्रति नग | |
| 21 | सोलर इन्वर्टर | प्रति नग | |
| 22 | CCTV कैमरा | प्रति नग | |
| 23 | मेज कुर्सी आलमारी | प्रति नग | |
| 24 | मनरेगा पार्क में जिम खेल कूद, झूला व अन्य सामग्री | प्रति नग | |

नियम एवं शर्तें– 1.सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परीधी से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनीं होगी। 5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बांड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा। 7.आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरुप नहीं पाये जानें की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करनें का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा।

**मनोरमा सिंह–प्रधान**
**ग्राम पंचायत राजेपुर**
**वि.खं. धर्मापुर, जौनपुर**

**बाबूलाल ग्रा.पं./ग्रा.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत राजेपुर**
**वि.खं. धर्मापुर, जौनपुर**


# सपने में भी भगवान श्रीकृष्ण अखिलेश को कोसते होंगे, सत्ता मिली तो कंस पैदा किए : योगी

अलीगढ़ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम यहां लोकार्पण कर रहे हैं तो कुछ लोगों को लखनऊ में सपने आ रहे होंगे। उनके सपनों में भगवान श्रीकृष्ण आ रहे होंगे। भगवान श्रीकृष्ण कह रहे होंगे कि अपनी नाकामियों पर अब तो रो जाओ, जो कार्य तुम नहीं कर पाए, वो बीजेपी की सरकार ने कर दिखाया है। भगवान श्रीकृष्ण भी अखिलेश को कोस रहे होंगे कि जब तुमको सत्ता मिली तो मथुरा, वृंदावन, गोकुल और बरसाना के लिए कुछ नहीं किया। बल्कि कंस को पैदा कर जवाहरबाग जैसा कांड करा दिया, जिसमें एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी शहीद हो गए। उन्होंने मंगलवार को यह तंज कासिमपुर स्थित नवाब सिंह चौहान ग्रामोदय इंटर कॉलेज में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कसा। उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले सौगात देते हुए हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना में 660 मेगावाट की नई यूनिट के साथ ही 7255 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। करीब 28 मिनट के संबोधन में मुख्यमंत्री के निशाने पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव रहे। उन्होंने अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि अखिलेश यादव कंस पैदा करते थे। उनके समय में एक के बाद एक दंगे होते थे। कोसीकलां, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ और बरेली में दंगों का सिलसिला चलता था। पश्चिमी यूपी की बहन–बेटियों के साथ खिलवाड़ होता था। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त प्रदेश बन गया है। अब प्रदेश में गन्ना उत्पादन होता है। इस क्रम में उन्होंने अलीगढ़ के साथा में नई चीनी मिल देने की घोषणा की और आश्वस्त किया कि इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले किसानों को गन्ना का भुगतान नहीं होता था। चीनी मिलें बेच दीं जाती थीं। दलाल सक्रिय रहते थे। भ्रष्टाचार होता था। आज सरकार जेसीबी लगाकर भ्रष्टाचार के पैसे को दीवारों से निकाल रही है। पिछले सरकार की सोच परिवार व वंशवाद तक सीमित था। पैसा लूटते थे और दीवार की चिनाई कराकर रखते थे। फिर दंगा भड़काने एवं जमीन लूटने में उपयोग करते थे। आज किसी की जमीन पर कब्जा करेंगे तो सरकार का बुलडोजर तैयार है। बुलडोजर से सबसे ज्यादा चिंता बबुआ (अखिलेश यादव) को होती है। कभी बुआ (मायावती) को भी परेशानी होती थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हाईवे, एक्सप्रेस, एयरपोर्ट बन रहे हैं। अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप के नाम पर विश्वविद्यालय बन रहा है। कुलपति की नियुक्ति हो गई है, नए सत्र से कक्षाएं भी शुरू कर देंगे। उन्होंने जनता से पूछा कि 22 माह के कोरोना काल में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आए थे? बहन जी (मायावती) आई थीं? दिल्ली एवं इटली वाले भाई–बहन (राहुल गांधी व प्रियंका गांधी) आए थे? उन्होंने कहा कि 22 महीने में 20 महीने गायब रहे। अब आप लोग ही बताइए कि 11 महीने स्कूल नहीं जाने वाला एक महीने में टॉप करेगा क्या? हमने पूरे साल क्लास अटेंड की है। हमारे लिए सेवा ही संकल्प है। जनता जनार्दन को किसी तरह का कष्ट नहीं होगा। कोरोना काल में सबको फ्री में कोविड जांच एवं उपचार की सुविधा दी गई। जरूरतमंद लोगों को राशन दिया गया। सपा और बसपा की सरकार होती तो वैक्सीन के पैसे भी खा जाते। ये लोग कोरोना काल में घर से नहीं निकले थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना फिर आ रहा है। बबुआ (अखिलेश यादव) घर बैठे रहो। जनता जनार्दन को अपना फैसला लेने दें। सीएम ने कहा कि पांच साल पहले कहा था कि एक करोड़ युवाओं को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन देंगे। सरकार अपना वादा पूरी कर रही है, मुफ्त डिजिटल एक्सेस के साथ। तमाम खर्च सरकार उठाएगी। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डबल इंजन की सरकार का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद खत्म करने के लिए अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया गया। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। काशी विश्वनाथ धाम का भव्य निर्माण हो गया है। उन्होंने कि यह लड़ाई रचनात्मकता एवं विध्वंसक मानसिकता के बीच है। एक कालखंड में अयोध्या में मंदिर तोड़ा गया। मथुरा में श्रीकृष्ण के मंदिर को अपवित्र किया जा रहा था। अच्छे काम करने वाले श्रमिकों के हाथ काट दिए जाते थे। संस्कृति एवं मातृभूमि के प्रति लगाव नहीं होता है तो यही होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी में मंदिर में काम करने वाले श्रमिकों पर पुष्प वर्षा की। श्रमिकों के साथ बैठकर भोजन किया। देश की 135 करोड़ की आबादी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार है। उन्होंने कहा कि पांच साल बिना रुके–टिके जनता की सेवा की है। मुख्यमंत्री ने जनता से हाथ उठवा कर पूछा कि क्या तीन महीने भाजपा का सहयोग करने को तैयार हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, प्रभारी मंत्री सुरेश राणा, राज्यमंत्री संदीप सिंह, सांसद सतीश गौतम, राजवीर दिलेर, पूर्व मंत्री ठा. जयवीर सिंह, जिलाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. विवेक सारस्वत, विधायक ठा.दलवीर सिंह, संजीव राजा, अनिल पाराशर, राजकुमार सहयोगी, अनूप प्रधान, रवेंद्रपाल सिंह, श्रीचंद शर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन जिलाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह व विधायक अनिल पाराशर ने संयुक्त रूप से किया।

# यूपी में राशन कार्ड धारकों के लिए एक और सौगात अब फ्री राशन सहित मुफ्त में मिलेगी चीनी

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)यूपी में राशन कार्ड धारकों के लिए एक और सौगात अब फ्री राशन सहित मुफ्त में मिलेगी चीनी।उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड धारकों को पहले से ही राशन मुफ्त में दिया जा रहा है।लेकिन अब कैबिनेट के फैसले के बाद से इन्हें चीनी भी दी जाएगी।यानी कि मार्च तक यूपी सरकार द्वारा अनाज के साथ–साथ चीनी भी मुफ्त में दी जाएगी।प्रदेश की कैबिनेट की ओर से बाइ सर्कुलेशन यह फैसला लिया गया है।इस फैसले में कहा गया कि अंत्योदय कार्डधारकों को इसका लाभ दिया जाएगा, जो गरीबी रेखा से नीचे के रहने वाले हैं।जनवरी,फरवरी व मार्च की चीनी अगले महीने फरवरी माह में ही आवंटित की जायेगी।इससे पहले प्रति किलो चीनी लेने के लिए 18 रुपए देना होता था।आपको बता दें कि उत्त्तर प्रदेश में 40 लाख अंत्योदय कार्ड धारक हैं, जबकि 1.30 करोड़ कुल राशन कार्ड यूपी में राशन कार्ड धारकों के लिए एक और सौगात अब फ्री राशन सहित मुफ्त में मिलेगी चीनी।उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड धारकों को पहले से ही राशन मुफ्त में दिया जा रहा है।लेकिन अब कैबिनेट के फैसले के बाद से इन्हें चीनी भी दी जाएगी।यानी कि मार्च तक यूपी सरकार द्वारा अनाज के साथ–साथ चीनी भी मुफ्त में दी जाएगी।प्रदेश की कैबिनेट की ओर से बाइ सर्कुलेशन यह फैसला लिया गया है।इस फैसले में कहा गया कि अंत्योदय कार्डधारकों को इसका लाभ दिया जाएगा, जो गरीबी रेखा से नीचे के रहने वाले हैं।जनवरी,फरवरी व मार्च की चीनी अगले महीने फरवरी माह में ही आवंटित की जायेगी।इससे पहले प्रति किलो चीनी लेने के लिए 18 रुपए देना होता था।आपको बता दें कि उत्त्तर प्रदेश में 40 लाख अंत्योदय कार्ड धारक हैं, जबकि 1.30 करोड़ कुल राशन कार्ड धारक हैं।

# साई वासुदेव राम साहिब जी की बारवी पूर्ण तिथि पर हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी निशुल्क शिविर लगा

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)रामनगरी के राम नगर में स्थित संत सतरामदास दरबार में सिंधी समाज के संत शिरोमणि शहंशाह साई सतरामदास साहिब जी के छटवी पीढ़ी प्यारे साई वासुदेव राम साहिब जी की बारवी पूर्ण तिथि पर हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी निशुल्क शिविर लगा जिसमें सभी प्रकार के रोग जैसे– नेत्र, चर्म, हड्डी, दांत, रोगों के इलाज हेतु विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी बीमारियों के इलाज हेतु मरीज विशेषज्ञों द्वारा हॉस्पिटल रैफर किए गए जिसका इलाज भी निशुल्क ही होगा। इस शिविर का सानिध्य प्यार साई वासुदेव राम जी के सुपुत्र साई नितिन राम जी द्वारा किया गया। जिसमें उनके साथ अनेक सेवादारी शामिल रहे। ये समाज कल्याण की तरह एक सजग कदम है। हमारे सहयोगी क्षितिज साधवानी के सूत्रों द्वारा खघ्बर मिली की शिविर का लाभ करीब 700 लोगों द्वारा लिया गया आने वाले कुछ वर्षों में इनकी संख्या में इजाफा किया जाएगा।यह हमें उच्च संदेश देता है कि जाति धर्म से परे मानवता ही सर्वोच्च धर्म है।

# भाजपा ने देश को सत्तर सालों के परिवारवाद के चंगुल से बाहर निकालाः रमनलाल वोहरा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जनपद के टड़ियावां क्षेत्र में हुई मंडल और शक्ति केंद्र की बैठक को जिला प्रभारी प्रकाश पाल और जिला प्रवास पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गुजरात रमन लाल वोहरा ने आगामी विधान सभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लिया। क्षेत्र की जनता के बीच जाकर सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम के तहत लोगो के सुझाव लिए। जिला प्रवास रमन लाल वोहरा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश को ७० सालों से परिवारवाद के चंगुल से बाहर निकाला, जिसमे गांव से लेकर देश के सभी नागरिकों ने सहयोग दिया। अब समय प्रदेश को बचाने की है। मोदी योगी सरकार के विकास के रथ को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार को रुकने नही देना है। भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम किया। समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। मुस्लिम महिलाओं के तीन तलाक का मामला हो, गुंडों माफियाओं की दादागिरी खत्म करना, गरीबों के स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं, किसानों की खाद यूरिया की समस्या को खत्म करना, राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर निर्माण, धारा ३७० जैसे बहुत से काम थे जो आज तक किसी सरकार ने करने की हिम्मत ना दिखाई। वो सारे काम भाजपा सरकार ने कर दिखाए। प्रदेश की जनता को एक सूत्र में पिरोने की जगह विपक्ष ने उसे जातियों में बांटकर उनमें फूट डाल राज किया और भ्रष्टाचार कर प्रदेश को खोखला कर दिया। जनता ने दोनो का शासन देखा और आजमा लिया है, वह जानती है कौन सी पार्टी देश और प्रदेश को मजबूत बना सकती है। प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने कहा कि मोदी जी के स्वच्छता कार्यक्रम को प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में चलाएगी, जिसमे विपक्षी पार्टियों का सफाया निश्चित है। भाजपा की नीतियों से हर वर्ग को लाभ मिला रहा है। कोरोना काल से हर जरूरतमंद को बिना शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। शिक्षा माफियाओं और नकल माफियाओं ने बच्चों का भविष्य गर्त में पहुंचा दिया था, २०१७ में भाजपा सरकार बनने के बाद शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम किया। घर घर बिजली कनेक्शन और बिजली पहुंचा गांव के किसानों, महिलाओ और छात्रों के जीवन को सरल बनाया। प्रमुख रूप से पांड्या जी, जयेश पटेल,विस्तारक रमा शंकर, मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता टड़ियावां, गोपामऊ मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# विधवा महिला के मुताबिक आरोपी ने उसकी पेंशन बनवाने के बहाने जमीन करा दिया बैनामा

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भुक्तभोगी बुजुर्ग विधवा महिला के आरोप के मुताबिक आरोपी ने उसको गुमराह कर उसकी कीमती जमीन का बैनामा करा लिया गया।अब विधवा महिला न्याय पाने के लिए दर दर भटक रही है। ये मामला थाना कैंट के एफसीआई गद्दोपुर क्षेत्र का है। सोमवार को एसएसपी शैलेश पांडेय के यंहा फरियाद करने पहुंची पीड़िता थाना कैंट निवासी गद्दोपुर की सुनीता जायसवाल पत्नी स्व सरजू प्रसाद जयसवाल ने बताया कि उसकी बहु 23 दिसम्बर को विधवा पेंशन बनवाने के लिए ले गई थी और धोखे से उसी दिन उसकी 11 बिस्वा जमीन जो कि उसके पति के मरणोपरांत विरासत में मिली थी का बैनामा ग्राम पिपरी जिला सुल्तानपुर के प्रज्ञा सिंह पत्नी कुलदीप सिंह व हाइडल कॉलोनी अयोध्या के जूही आर्य पत्नी संजय शर्मा के नाम करा दिया। पीड़िता को जब इस सम्बंध में जानकारी हुई तो वो थाना कैंट से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक अपनी फरियाद लेकर गई और बैनामा रदद् करने की गोहार लगाई पर उसे कंही से न्याय न मिल पाने के कारण आज एसएसपी कार्यालय पहुंचकर साजिशकर्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने व बैनामा रदद् करने की अपील की है।

# हमार परिवार हमार संसार का पोस्ट प्रोडक्शन हुआ पूरा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) भोजपुरी फिल्म हमार परिवार हमार संसार का पोस्ट प्रोडक्शन, का श्री स्टूडियो में पूरा हुआ पंडित ब्रदर्स फिल्म्स व रंजीत सिंह एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म , हमार परिवार हमार संसार का पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य श्री स्टूडियो में पूरा हुआ।इस फिल्म के निर्माता जनार्दन पांडेय (बबलू पंडित ) और रंजीत सिंह है निर्देशक गौरव पटेल गुड्डू , ने बताया कि यह सम्पूर्ण रूप से सुद्ध पारिवारिक सिनेमा है जिसमे कहानी से साथ पटकथा भी जोड़ दिया गया है कॉमेडी एक्शन से भरपूर डोज देखने को मिलेगा। इस फिल्म में संगीत से सजाया है आर्या शर्मा ,गीत सुमित सिंह चंद्रवंशी ,अजीत मंडल संतोष उतपति , भट् भूटानी ,व अजय विश्वकर्मा है , छायांकन डी के शर्मा , संकलन विकास पवार , मारधाड़ दिनेश यादव , नृत्य सुदामा मिंजय , साउंड डिजाइनर कृष्णा विश्वकर्मा , सह निर्माता , विनय प्रकाश तिवारी , ओमप्रकाश सिंह ,सरोज कुमार , और राकेश कुमार है ।कार्यकारी निर्माता मो फैज सद्दन , व आशिष अग्रवाल है ड्रेस डिजायनर , भावना पांडेय और नीरज मौर्या , प्रोडक्शन कंट्रोललर मुकेश तिवारी , रितेश पांड्य , पास्य संगीत असलम शुर्ति , प्रोमो विकास पवार ,पी आर ओ , रामचंद्र यादव , रितिक कौशिक , बृजेश जायसवाल है डिजायनर नारशु ,अभिराज तिवारी इस फिल्म में मुख्य किरदार निभा रहे है , गुंजन सिंह , काजल यादव , रंजीत सिंह, संतोष श्रीवास्तव ,अनूप अरोरा , संजय वर्मा , सी पी भट्ट , माधव राय , कोमल झा , विद्या सिंह ,प्रिया वर्मा ,अंजलि ,रागनी यादव , पूनम , पूजा , सुमन दुबे , डमरू , सरोज कुमार , अशोक कुसवाह , ओमप्रकाश सिंह , मो फैज सद्दन , बाल कलाकार तनु पांडेय रितेश पांडेय , कुशाग्र पांडेय , आइटम सांग्स प्रमिला घोष सहायक निर्देशक , जीतू सिंह और अन्य कलाकार नजर आएंगे इस फिल्म का फास्ट लुक और ट्रेलर बहुत जल्द आप सभी के बीच लांच किया जाएगा।

# यूपी में अब शराब की तरह होंगी तंबाकू बीड़ी व सिगरेट और गुटखा बेचने की लाइसेंसी दुकानें

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)उत्तर प्रदेश में गुटखा और तंबाकू उत्पाद बेचने की लाइसेंस पॉलिसी इसी महीने लागू हो सकती है. इस पॉलिसी का ड्राफ्ट शासन के पास है और माना जा रहा है कि यूपी चुनाव से ठीक पहले इसे लागू कर दिया जाएगा. इसके लागू हो जाने के बाद शहरों में तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य हो जाएगा. बता दें कि यूपी के तकरीबन 16 शहरों में तंबाकू , गुटखा और सिगरेट बेचने वालों को लाइसेंस लेना अनिवार्य करने की बात चल रही है. गाजियाबाद में तो पिछले साल अगस्त महीने से ही दुकानदारों को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया जाना था, लेकिन लखनऊ से हरी झंडी नहीं मिलने से मामला अटक गया था.बता दें पिछले साल शासन की तरफ से इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया गया था. खासकर गाजियाबाद, मेरठ सहित उत्तर प्रदेश के 16 शहरों में बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और गुटखा जैसे उत्पादों को बेचने के लिए दुकानदारों को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया था. इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम ने एक अलग से बायलॉज तैयार किया था. उसी के हिसाब से दुकानदारों को लाइसेंस देने का प्रावधान किया गया था. इस बायलॉज के मुताबिक जिले में दुकानदारों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। जनवरी के आखिर में लागू हो सकती लाइसेंस पॉलिसी बता दें कि लखनऊ नगर निगम में यह व्यवस्था पहले से ही लागू है. अब यही व्यवस्था यूपी के दूसरे जिले अलीगढ़, अयोध्या, वृंदावन–मथुरा, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, सहारनपुर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और बरेली में भी लागू किया जाना है।

# 3 हजार कम्बल गरीबों में वितरित : 40 हजार का लक्ष्य

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भाजपा वरिष्ठ नेता व पूर्व सदस्य जिला पंचायत राकेश जयसवाल ने सोहावल मां ज्वाला के स्थान पर आयोजित विशाल कम्बल वितरण समारोह में लगभग 3 हजार जरूरत मंदों को कंबल वितरित किया।श्री जयसवाल के अनुसार बीकापुर विधानसभा में 40 हजार कम्बल वितरित होगा।विधानसभा के प्रत्येक जरूरतमन्द तक कम्बल पहुंचे ये लक्ष्य रखा गया है।इस कार्यक्रम के आयोजक भाजपा जिला मंत्री विमल जयसवाल उर्फ सरोज जयसवाल तथा संचालन पूर्व खिरौनी प्रधान प्रतिनिधि सत्यनाम सिंह ने किया। ज्ञातव्य हो कि राकेश जयसवाल बीकापुर विधानसभा से 2022 विधानसभा चुनाव के प्रबल दावेदार हैं।श्री जयसवाल ने बताया कम्बल वितरण को विधानसभा चुनाव से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।मैं बीकापुर विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी मेरी जरूर है लेकिन कम्बल वितरण से उसका कोई लेना देना नहीं है।।वितरण समारोह में अशोक सिंह, अमरजीत पाण्डेय, गुरु मौर्या, सिराज अहमद पूर्व प्रधान कटरौली, साहबशरण यादव, पूर्व प्रधान खिरौनी मीना सिंह, जितेन्द्र तिवारी माही, राम प्रकाश, जियालाल,दीपक जयसवाल, ब्रजेश वर्मा,अनिल नेता,संतोष तिवारी,श्रीकांत पाण्डेय,राकेश साहू,अमर यादव,संतोष मिश्रा, संतोष रावत,मनोज मिश्रा सहित भारी संख्या में कम्बल प्राप्त करने वाले लाभार्थी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन पर प्रियंका गांधी की किया जमकर तारीफ

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री ने अपने जन्मदिन पर प्रियंका गांधी की किया जमकर तारीफ। कहा जब से प्रियंका गांधी ने प्रदेश की कमान संभाली है तब से दिन प्रतिदिन कांग्रेस में निखार आ रहा है। कांग्रेस में शक्ति बढ़ रही है और जनता उस शक्ति को महसूस कर रही है। लोगों ने देखा है की एक लड़ने वाला नेता उनको मिल गया है। गलत कामों के खिलाफ आवाज बुलन्द करने वाला ही नहीं लड़ने वाला नेता मिला है और यह लड़ाई औपचारिक नहीं आर पार की हो रही है। प्रियंका गांधी ने कहा है अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो प्रियंका गांधी हर वर्ग के लिए काम करेंगी। किसानों का कर्ज माफ होगा बिजली का बिल हाफ होगा। गन्ना 400 कुंतल होगा। बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। लड़कियों को स्कूटी देंगे महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा कराएंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन को लेकर तैयारी में जुटे पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे एवं युवाजन सपाई

अयोध्या (संवाददाता) सुरेन्द्र कुमार।समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन को लेकर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के साथ गुलाबबाड़ी मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिया।सपा युवजन सभा ने 7 जनवरी को अपने ब्लॉक स्तर पर होने वाली साइकिल यात्रा व जन चौपाल कार्यक्रम को भी टाल दिया है। अब युवजन सभा 11 जनवरी से साइकिल यात्रा व जन चौपाल शुरू करेगी। युवजन सभा अखिलेश यादव के स्वागत की तैयारी में जुटे।अखिलेश यादव अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 8 जनवरी की शाम को अयोध्या पहुंचेंगे और 9 जनवरी को विजय रथ यात्रा निकालेंगे।सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। मीडिया प्रभारी चौधरी बलराम यादव ने बताया वर्तमान सरकार द्वारा बढ़ाई गई महंगाई और किसानों पर हो रहे अत्याचार की बात जनता के सामने रखी जाएगी और सरकार द्वारा थोपी गई महंगाई से त्रस्त लोगों की बात साइकिल यात्रा एवं चौपालों में जनता के समक्ष बात रखी जाएगी। स्वागत की तैयारी में जुटे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया पूर्व मंत्री के साथ महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम प्रवक्ता राकेश यादव पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पू, विधानसभा प्रभारी मनोज जायसवाल,शैलेंद्र यादव, यूथ प्रदेश सचिव रिक्की यादव छात्र सभा महानगर अध्यक्ष शिवांशु तिवारी, संजीत सिंह , अंशु सिंह,संटी तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# अयोध्या जिला अस्पताल के इमरजेंसी प्रभारी के पद पर तीन साल से जमे है फार्मासिस्ट हनुमत दूबे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिला अस्पताल के इमरजेंसी में विगत तीन वर्षो से अधिक समय से एक फार्मासिस्ट की तैनाती पर प्रमुख अधीक्षक सवालो के घेरे में है। आप को बताते चले कि अयोध्या जिला अस्पताल के इमरजेंसी में फार्मासिस्ट हनुमत दूबे की तीन वर्षो से अधिक समय से तैनाती को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने सी एम एस डाक्टर सी बी एन त्रिपाठी से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी है।सामाजिककर्ता ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत यह भी सी एम एस से जानकारी मांगी है कि जब अस्पताल में अन्य फार्मासिस्टो की टयूटी हर माह परिवर्तित होता रहता है तो फार्मासिस्ट हनुमत दूबे की टयूटी तीन साल से अधिक एक ही पटल पर एक प्रभारी के पद पर क्यो है।जिला अस्पताल के वरिष्ठता क्रम को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है यह अहम सवाल है। जिलाधिकारी अयोध्या से इसपर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# मुख्य सचिव के समक्ष ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट का किया गया प्रस्तुतीकरण

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में लखनऊ ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट की बैठक आहूत की गई। परियोजना का प्रस्तुतीकरण लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा किया गया।इस बैठक में नगर निगम व अपट्रॉन की दो हेक्टेयर भूमि को मॉनिटाइजेशन हेतु उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में बताया गया कि उक्त भूमि अभी भी मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। इस पर मुख्य सचिव द्वारा इसके लीगल इश्यू का परीक्षण कराने के लिए विशेष सचिव नगर विकास, नगर आयुक्त व उपाध्यक्ष लविप्रा की समिति गठित करने के निर्देश दिये गये।इसके अलावा माढरमऊ गांव में स्थित सिंचाई विभाग की दो हेक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि सिंचाई विभाग इसका पुनः निरीक्षण कर लें तथा अपनी वर्कशॉप की आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए उसे किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करें और भूखण्ड को एलडीए को हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में अपनी सहमति प्रदान करें।नजूल विभाग की 12 हेक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा कहा गया कि शासन द्वारा उक्त भूमि का नियमानुसार परीक्षण करके लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तान्तरित करने की आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाये। यह भी निर्देशित किया कि परियोजना के प्रथम चरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक सीड मनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।इस बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार, विशेष सचिव नगर विकास अनिल कुमार, मण्डलायुक्त रंजन कुमार, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश एवं प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# अलीगढ़ में मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले दी करोड़ों की सौगात

अलीगढ़ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार को अलीगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश व जिले में 7255 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। कासिमपुर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हरदुआगंज तापीय परियोजना में स्थापित 660 मेगावाट की नई यूनिट का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने 989 करोड़ रुपये की लागत से 12 उपकेंद्रों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिसमें लखनऊ के 400 केवीए उपकेंद्र जेहटा, हरदोई के 132केवीए उपकेंद्र भरावन, लखीमपुर खीरी के 132 केवीए उपकेंद्र ओयल, अमेठी के 132 केवीए उपकेंद्र तिलोई, फिरोजाबाद के 220 केवीए उपकेंद्र टूंडला, गाजियाबाद के 132केवीए उपकेंद्र बीएसआर द्वितीय, जालौन के 132केवीए उपकेंद्र माधौगढ़, बांदा के 132 केवीए उपकेंद्र पैलानी, मऊ के 132केवीए उपकेंद्र के बड़ागांव में 822 करोड़ की लागत से बने नौ पारेषण केंद्रों के शिलालेखों का लोकार्पण किया। गोरखपुर के 220 केवीए उपकेंद्र खोराबार, महाराजगंज के 132केवीए उपकेंद्र निचलौल व मऊ के 132केवीए उपकेंद्र घोसी में 166 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पारेषण उपकेंद्रों का शिलान्यास किया। 13 विद्यार्थियों को सीएम ने खुद बांटे टैबलेट व स्मार्टफोन। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के एक करोड़ छात्र–छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन देने की घोषणा के तहत पहले चरण में अलीगढ़ मंडल के दो हजार विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला है। इसमें टीकाराम कन्या डिग्री कॉलेज, धर्म समाज डिग्री कॉलेज, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय व राजकीय आईटीआई के विद्यार्थी शामिल थे, जिन्हें स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण किया गया। इनमें से डिग्री कॉलेज व परास्नातक के 13 छात्र–छात्राओं को मंच पर बुलाकर मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्मार्ट फोन व टैबलेट दिए। इनमें कुलदीप कुमार निवासी केजीडब्ल्यू, हाथरस, निशी मिश्रा ग्राम आलमपुर, गंगागढ़, सोरों, कासगंज, अजीत कुशवाह खेडिया खुर्द, एटा, दीपांशु सक्सेना राम विहार, पला रोड, राहुल कुमार भगवानगढ़ी, निशा परवीन सुपर कॉलोनी, अनिल कुमार सिकतरा सानी, गांगरौल, फरहीन अली रजा नगर क्वार्सी, पूजा शर्मा आलमपुर सुबकरा, अनामिका चौधरी शंकर विहार कॉलोनी, दिव्य शर्मा गोपालपुरी, पला रोड, नूपुर गुप्ता वैष्णो एन्क्लेव,




ज्योति सैय्यद बाड़ा बाबरी मंडी शामिल रहे। टैबलेट व स्मार्ट फोन पाकर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिले नजर आए और उन्होंने योगी सरकार को जमकर सराहा। इनका भी हुआ लोकार्पण गभाना में अग्निशमन केंद्र, बरौली में राजकीय इंटर कॉलेज, छर्रा के भिलावली में पीएचसी, अतरौली में पीएसची, इगलास के ताहरपुर में पीएसची, पालीमुकीमपुर के दत्ताचोली में बालिका छात्रावास, गभाना के दौरऊ मोड़ में बालिका छात्रावास, रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर, इलेक्ट्रिक बसों का डिपो, गोंडा में कंस्ट्रक्शन ऑफ मल्टीपरपज सीडी स्टोर एंड टेक्नोलॉजी डिसमिनेशन सेंटर, मडराक में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, बारहद्वारी पर मल्टीलेवल पार्किंग, स्मार्ट सिटी के तहत राजा महेंद्र सिंह पार्क तस्वीर महल, नकवी पार्क का सुंदरीकरण समेत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कार्य शामिल हैं। विभागवार लोकार्पित परियोजनाएं कार्यदायी संस्था, लोकार्पण की संख्या, लागत (करोड़ में) 1–आवास विकास परिषद 05 17.500 2– यूपी सिडको 02 3.405 3– सीएंडडीएस 02 9.344 विभागवार शिलान्यास की परियोजनाएं। कार्यदायी संख्या शिलान्यास की संख्या, लागत (करोड़ में) 1– आवास विकास परिषद 01 0.800 2– समाज कल्याण निर्माण निगम 01 1.7653– सीएंडडीएस 01 49.366 4– नगर निगम 06 157.790 5– ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, हरदुआगंज तापीय परियोजना 27 3147 6– ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, त्वरित आर्थिक विकास योजना 68 12.462।

# नगर निगम कर्मियो के लापरवाही के चलते ठंडे पड़े हैं अलाव : नहीं चेत रहे अधिकारी

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में कड़कड़ाती ठंड में अलाव ठंडे पड़े हैं।बार बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार चेत नहीं रहे हैं अलाव महज कागजों की खानापूर्ति तक सीमित कर दिए हैं।अयोध्या नगर नियम क्षेत्र के रिकाबगंज, देवकली, अश्वनीपुरम कालोनी के सहित अन्य सार्वजनिक स्थानो के अलावा सोहावल क्षेत्र में कुल 11 स्थान अलाव के लिए चिन्हित हैं।सोहावल चौराहा, तहसील सोहावल, सुचित्तागंज नहर, ड्योढ़ी बाजार, मुबारक गंज चौराहा, अरकुना चौराहा, बड़ागांव बाजार, केएम शुगर मिल,महवाँ चौराहा, भदरसा तिराहा, भरतकुंड,सरियावां चौराहा आदि प्रमुख जगहें चिन्हित हैं।धारमल पर निवासी मुनेंद्र सिंह मोनू, खिरौनी निवासी बल्लू दुबे अधिवक्ता दीपक सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, युवजन सभा जिलाध्यक्ष जयसिंह राणा यादव, प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष डिम्पल पाण्डेय, बंटी खान, अरशद आलम मोनू आदि ने सिर्फ कागजों पर अधिकारियों द्वारा अलाव जलाने का आरोप लगाया है।ज्ञातव्य हो प्रशासन अलाव के नाम पर महज खाना पूर्ति कर रहा है।अलाव ठंडे पड़े हैं।लोग चौक चौराहों पर ठिठुरते देखे जा सकते हैं। जब इस विषय में अयोध्या नगर के अधिकारी व एसडीएम सोहावल जय जीत कौर मिश्रा ने संयुक्त रुप से बताया कि शीघ्र ही इस समस्या पर ध्यान दिया जायेगा। वही सदस्य जिला पंचायत विनीता रावत ने कहा प्रशासन द्वारा जल्द अलाव ना जलवाए गए तो सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।

# अयोध्या रुदौली में अग्निशमन केन्द्र का वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया उद्घाटन

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।जनपद अयोध्या रुदौली(मवई) में अग्निशमन केन्द्र का उद्घाटन किया गया, जिसका लोर्कापण में सांसद लल्लू सिंह, विधायक रुदौली, जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अग्निशमन के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। जिसमें प्रशासनिक भवन (अनावासीय) निर्मित है जिसमें कंट्रोल रूम, स्टोर रूम, परिवहन स्टोर, कार्यालय अग्निशमन अधिकारी कार्यालय व विजिटर रूम तथा मीटिंग हाल व बैरक, भोजनालय, स्नानागर, शौचालय सहित निर्मित है तथा इसमें स्टाफ– लीडिंग फा0मैन –01, फायर सर्विस चालक– 02, फायर मैन दृ 06, वाहन/मशीन दृ फायर टेण्डर 2500 ली0– 01 मय साज सज्जा सहित, वोलोरो कैम्पर मय पम्प दृ 01, प्राथमिक अग्निशमन उपकरण, जीवनरक्षा कार्य हेतु उपकरण की व्यवस्था की गयी है। इस केन्द्र से क्षेत्रवासियों से काफी राहत एवं सुविधा मिलेगी, पहले रूदौली क्षेत्र में किसी अग्निकाण्ड की सूचना को जनपद मुख्यालय जो कि लगभग 40 किमी0 दूर है पर पहुँचने से राहत व बचाव कार्य हेतु अग्निशमन वाहन / मशीन रवाना किया जाता था, जिसमें काफी समय लगता था।



अग्निशमन केन्द्र रूदौली का निर्माण होने से किसी अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही अब मात्र कुछ समय में ही अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुँच जायेंगे व अग्निकाण्डों में होने वाली क्षति को काफी हद तक बचा पायेंगे। रूदौली क्षेत्र अग्निशमन केन्द्र चारों तरफ से 15 से 25 किमी तक घिरा हुआ है जिसमें कस्बा व ग्रामीण आंचल में भी जनता को अतिशीघ्र राहत व बचाव कार्य प्राप्त होगा। यह अग्निशमन केन्द्र खुल जाने से क्षेत्र की जनता को किसी अग्निकाण्ड हेतु अतिशीघ्र सहायता प्राप्त होगी।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।